हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 जनवरी 2024

06 उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्व मंत्री ने किया सम्मानित



08 छात्र-छात्राओं को जंगल का भ्रमण कराकर पेड़ों और...





## खबर संक्षेप

### बच्चों की शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है, सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण

**सीहोर।** शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और महत्वपूर्ण है, उसी तरह बच्चों की सुरक्षा और उनका संरक्षण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आवश्यक है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनके अधिकारों से अवगत कराया जाये। इस कार्य से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति और संस्था को अपने आपको भाग्यशाली मानना चाहिये कि वे इस नेक मकसद से जुड़े हैं। इस संदर्भ में और बेहतर कार्य कैसे किया जा सकता है। यह बात स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कही।

### सशक्त पंचायत के लिए आमदनी के स्त्रोत जरूरी

**सीहोर।** पंचायत राज में पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए जरूरी है कि उनकी आमदनी के स्त्रोत वे स्वयं जनरेट करें। पंचायतों में आय के बेहतर स्त्रोत सृजित हो सकते हैं। पंचायतों में मौजूद परिसम्पत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो। इनका उपयोग कर रोजगार के साधन तैयार किये जा सकते हैं। जिनसे पंचायतों को आमदनी हो। यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विभागीय समीक्षा करते हुए यह बात कही उन्होंने विभिन्न नगरों और शहरों की सीमाओं से जुड़ी हुई पंचायतों को चिन्हित करने के निर्देश भी दिये। ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में पंचायतों को सशक्त बनाने को कहा है। उन्होंने पंचायतों में इसके लिये मौजूदा संसाधनों को अपग्रेड करने को भी कहा है। पंचायतों में ही ग्रामीणों को आधार, आयुष्मान और डिजी लॉकर के अतिरिक्त और कौन सी सुविधाएँ प्रदान की जा सकती हैं या हमें देना चाहिये और जो हम नहीं दे पा रहे, उसकी पड़ताल कर दिक्कतों को दूर करें।

### भोपाल नाका बना खतरों का चौराहा, न पुलिस का ध्यान न प्रशासन का

# भोपाल नाके पर बेतरतीब दौड़ते हैं वाहन यातायात पुलिस भी नहीं रहती तैनात

### कॉलेज सहित अनेक स्कूलों के निकलने का मार्ग होने से बना रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भोपाल नाका पर पुराना इंदौर-भोपाल मार्ग होने से यहां यातायात का दबाव प्रमुख रूप से बना रहता है। इसके साथ ही इस मार्ग पर कॉलेज और विभिन्न स्कूलों के वाहनों और स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी भी लगातार निकलते रहते हैं। इसके बाद भी भोपाल नाके पर ठेले, ऑटो सहित विभिन्न अतिक्रमण का साम्राज्य बना रहता है। इसके बाद भी यहां यातायात पुलिस का कोई पता नहीं रहने से लगातार हादसों का अंदेशा बना रहता है, लेकिन जिम्मेदारों का यहां कोई ध्यान नहीं है।

शहर का भोपाल नाका शहर का प्रमुख चौराहा है। चौराहा होने के कारण यहां यातायात लगभग हर समय बना रहता है। इसके साथ ही इस चौराहे से भोपाल-इंदौर मार्ग की बसें, कार व अन्य वाहनों का भी आवागमन होता है। इसके बाद भी यहां दुकानदारों के अलावा ठेले, पानी का टैंकर, ऑटो वाले बेतरतीव रूप से खड़े रहते हैं। इसके कारण यहां हमेशा हादसों का डर बना रहता है, लेकिन जिम्मेदार अतिक्रमण हटाने और व्यवस्था बनाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

#### यातायात पुलिस भी रहती है गायब

भोपाल नाका क्षेत्र पर दोनों प्रमुख पीजी और गर्ल्स कॉलेज हैं। इसके अलावा आवासीय स्कूल, पॉलीटेक्निक कॉलेज, केन्द्रीय स्कूल, सेंट एन स्कूल, आक्सफोर्ड स्कूल, नूतन स्कूल, ब्लू बर्ड स्कूल सहित अन्य स्कूलों के वाहनों और विद्यार्थियों के आवागमन लगातार बना रहता है। इसके बाद भी यहां यातायात पुलिस हमेशा गायब रहती है। इसके कारण छेड़छाड़ सहित आसामाजिक तत्वों का भी यहां जमावड़ा बना रहता है। हालांकि कहने के नाम पर कॉलेज के पास डायल-100 जरूर खड़ी रहती है, लेकिन भोपाल नाका चौराहे पर यातायात पुलिस पांइट की हमेशा जरूरत महसूस होती है।


#### क्यों नहीं हटाया जा रहा अतिक्रमण



इस संबंध कॉलेज छात्रा शिवानी का कहना है कि चौराहे पर यातायात का दबाव काफी अधिक रहता है। इसके कारण हादसे का हमेशा डर बना रहता है, लेकिन पुलिस इस दिशा में कोई ध्यान नहीं देती है। दीपक राठौर कहते हैं कि भोपाल नाके पर काफी भीड़-भाड़ बनी रहने और यातायात बेतरतीव रहने से कई बार छात्राएं अपने का असहज महसूस करती हैं। कई बार आसामाजिक तत्व भी छात्राओं पर फब्तियां कसते नजर आते हैं। इस दिशा में पुलिस और प्रशासन को ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश की बन रही संभावना

### बढ़ रही बादलों की डेंसिटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मौसम का मिजाज बदल रहा है। बीते एक सप्ताह से जहां कड़ाके की ठंड पड़ रही थी और न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री के नीचे बना हुआ है। वहीं रविवार को आसमान पर हल्के बादल छा जाने से लोगों को तेज ठंड से मामूली राहत मिली है। जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान सीहोर जिले में न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एसएस तोमर ने बताया कि बादलों की डेंसिटी लगातार बढ़ रही है यदि इसी प्रकार की मौसम एक्टिविटी रही तो फरवरी माह के पहले सप्ताह में बारिश होने की संभावना रहेगी। तोमर ने बताया कि अभी जो मौसम चल रहा है उसके अनुसार फसलों के लिए यह मौसम काफी बेहतर है।

#### चने फसल पर फफूंद का अटैक

चने की फसल पर फफूंद का अटैक देखने को मिला है। चने की फसल कहीं_कहीं लगभग 90 प्रतिशत तक बर्बाद हो चुकी है। दरअसल, इस वर्ष किसानों ने क्षेत्र में चने की खेती बड़े रकबे में की गई थी। फफूंद के कारण चने के पौधे बेकार होना शुरू हो गए है। किसान परेशान है कि चने की फसल में लगी उनकी लागत भी नहीं निकल पाएगी। हर साल किसान चने की खेती से मोटा मुनाफा भी कमाते है, लेकिन इस बार चने की खेती करने वाले किसानों की हालत खराब होने लगी है। विशेषज्ञों ने बताया कि बेमौसम बारिश और आसमान में बादल रहने के कारण पौधों को ढंग से धूप नहीं मिली है। धूप न मिलने से पौधों पर मिट्टी जनित रोग फफूंद लग चुकी है। फफूंद ने चने के पौधों को खोखला बनाना शुरू कर दिया है। ये तेजी से गलते जा रहे हैं।

### हर ग्राम पंचायत में खोली जाएंगी राशन की दुकानें

**सीहोर।** आम जनता की सुविधा के लिए हर ग्राम पंचायत में राशन दुकानें खोली जाएंगी। प्रदेश में जिन 311 पंचायतों में राशन की दुकानें अभी संचालित नहीं है, उन ग्राम पंचायतों में अधिकारियों को राशन दुकान अतिशीघ्र खोलने के निर्देश दिये। यह बात खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कही उन्होंने प्रतिमाह वितरित होने वाला राशन समय-सीमा में पहुंचाने एवं मानक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गेहूं उपार्जन से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरा करने एवं उपार्जन नीति जारी करने के निर्देश दिए।

# मयंक अकादमी भोपाल ने सीहोर की टीम जूनियर को 53 रन के अंतर से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर जारी अल्फा-प्रोट्रिन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला भोपाल की मयंक चतुर्वेदी अकादमी और सीहोर टीम जूनियर के मध्य खेला गया। इस एक तरफा मुकाबले में भोपाल टीम ने सीहोर टीम जूनियर को 53 रन के विशाल अंतर से हराकर 51 हजार रुपए का नगद इनाम और ट्राफी प्राप्त की। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय ने कहा कि खिलाडिय़ों को शीघ्र ही क्रिकेट खेलने के लिए एक अच्छा मैदान सुविधाओं के साथ मिलेगा।रविवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी मयंक चतुर्वेदी अकादमी की शुरूआत खराब रही।

सलामी बल्लेबाज के रूप में बल्लेबाजी करने उतरे देवेंश रघुवंशी रन बनाने के चक्कर में शून्य पर आउट हुए एवं उनके साथी खिलाड़ी मोहम्मद खान को शहर के उभरते हुए गेंदबाज प्रकेंश राय ने चार रन के निजी स्कोर पर सस्ते में आउट किया, लेकिन अरबाज उद्दीन ने आठ चौके-एक छक्के मदद से मात्र 58 गेंद पर 68 रन और ओजस्व यादव ने 26 गेंद पर 24 रन की पारी खेली, इसके अलावा शिवांश चतुर्वेदी ने नौ गेंद पर 14 रन और बाबू ने नाट आउट 11 गेंद पर 15 रन की शानदार पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 140 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। इधर टीम जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रकेंश राय ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट, अमित शर्मा ने तीन ओवर में 21 रन देकर दो विकेट के अलावा उज्जवल ने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट हासिल किया। रनों को पीछा करने उतरी सीहोर की टीम जूनियर मात्र 16.5 ओवर में ढेर हो गई। इसमें सलामी बल्लेबाज जतिन मेवाड़ा ने 24 गेंद पर 20 रन, आदर्श राय ने 34 गेंद पर 30 रन और आदित्य अग्रवाल ने 19 गेंद पर 20 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली।

इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज ढाई का आंकड़ा नहीं छू सका। वहीं मयंक चतुर्वेदी अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रभांशु शुक्ला ने चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट, बाबू ने 3.3 ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट, शिवांश चतुर्वेदी ने तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट के अलावा अरबाज उद्दीन ने तीन ओवर में 15 रन देकर एक विकेट लिया।

मैच के अंत में विधायक सुदेश राय, वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम यादव, एमडी आशीष गोयल, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, हरि सोनी, सुरेन्द्र रल्हन, नीरज चौरसिया, मनोज दीक्षित मामा, इरफान हुसैन, प्रमोद त्यागी, प्रदीप गौतम, महेन्द्र शर्मा, आशीष शर्मा, कमलेश पारोचे, अतुल कुशवाहा, मदन कुशवाहा, प्रदीप आहुजा, अनिल राय, नवनीत तोमर, चेतन मेवाड़ा, हेमंत केसरिया आदि ने विजेता टीम मयंक चतुर्वेदी अकादमी को प्रथम पुरस्कार और उपविजेता टीम जूनियर को प्रदान किया।

# वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को किया चश्मों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में एक दर्जन से अधिक वृद्धों को चश्मा वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा की माता सीतादेवी मिश्रा ने यहां पर निवासरत एक दर्जन से अधिक वृद्धजनों को चश्में का वितरण किया गया।

उन्होंने यहां बुजुर्गों से मिलकर उनसे बातचीत की व कुशलक्षेम पूछी चश्में वितरण के अलावा यहां पर निवासरत वृद्धजनों को मिठाई का वितरण करते हुए राष्ट्रगान और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में विठलेश सेवा समिति के प्रबंधक समीर शुक्ला, श्रीराधेश्याम विहार कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, नेत्र चिकित्सक जितेन्द्र मंधानी, केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति अध्यक्ष निशा सिंह, प्रभारी नटवर कुशवाहा आदि ने यहां पर मौजूद दो दर्जन से अधिक वृद्धों को फल आदि का वितरण किया। इस मौके पर नेत्र चिकित्सक डॉ. मंधानी ने सलाह देते हुए कहा कि अभी भले ही आपकी आंखों की रोशनी अच्छी हो फिर भी आपको हर तीन साल बाद आंखों की जांच करानी चाहिए, क्योंकि कुछ बीमारियों के कोई लक्षण नहीं होते। उम्र बढऩे के साथ-साथ कई शारीरिक बदलाव आते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं दृष्टि में बदलाव आना काफी सामान्य है। हालांकि आंखों की रोशनी की समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है। एक बार जब आप अपने 60 के दशक को पार कर लेते हैं, तो आप अपनी दृष्टि में बदलाव देखेंगे जो आपके नियमित काम को भी प्रभावित कर सकते हैं। एक बार जब वे अपने चालीसवें वर्ष तक पहुंच जाते हैं, तो अधिकांश लोगों को चश्मे के बिना पढऩे में परेशानी होती है, जिसके लिए साधारण वयस्क पढऩे वाले चश्मे की आवश्यकता होती है। लेकिन, जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, आप पा सकते हैं कि आपका पढऩे का कौशल खऱाब हो रहा है या आपको दूर की वस्तुओं को समझने में एक साथ परेशानी होने लगती है। अन्य संकेत, जैसे प्रकाश संवेदनशीलता, कम रोशनी में काम करने में चुनौतियां और एक या शायद दोनों आंखों में अस्पष्ट दृष्टि, पहले से ही दिखाई देने लगे होंगे।

शुरुआत में, आप इनमें से कुछ संकेतों को असुविधाएँ मानकर नजरअंदाज कर सकते हैं, लेकिन उनका एक कारण हो सकता है। वृद्ध लोगों की आँखों की बीमारियां और उम्र बढऩा और इन सभी समस्याओं का इलाज आमतौर पर वरिष्ठ नागरिकों के चश्मे से किया जाता है।

### शीतल विहार कॉलोनी स्थित दुर्गेश्वर महादेव मंदिर में प्रथम स्थापना दिवस पर हुए आयोजन

# दुर्गेश्वर महादेव मंदिर में किया अखंड पाठ, फिर हुआ भंडारा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के शीतल विहार कॉलोनी स्थित दुर्गेश्वर महादेव मंदिर में स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर भंडारे के अलावा लगातार 24 घंटे तक श्रीराम चरित्र मानस का अखंड पाठ का आयोजन किया गया था। इस मौके पर शहर सहित आस-पास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शीतल विहार कालोनी में एक वर्ष पूर्व दुर्गेश्वर महादेव मंदिर की स्थानपा की गई थी, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों की आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र महादेव मंदिर है, यहां पर सुबह और शाम को मंदिर में श्रद्धालु नियमित रूप से पूजा अर्चना करते है, मंदिर परिसर के आस-पास पौधा रोपण आदि का सौंदर्यकरण किया गया है। मंदिर स्थापना अवसर पर श्रीराम चरित्र मानस अखंड पाठ का आयोजन किया गया और उसके पश्चात भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। ज्ञात रहे कि पिछले साल 27 जनवरी को शितल विहार कॉलोनी वासियों ने विधि-विधान से शिव परिवार की स्थापना की थी। इस मौके पर प्रमुख रूप से विधायक सुदेश राय, भाजपा नेता सीताराम यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जितेन्द्र तिवारी, महेन्द्र खनूजा, शैलेश पटेल सहित अन्य ने पूजा-अर्चना के अलावा प्रसादी ग्रहण की।

# जेल में निरूद्ध किशोरों की पहचान के लिए चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला जेल में निरूद्ध किशोरों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश औश्र अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्षन में मुकेश कुमार दांगी जिला न्यायाधीश और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल सीहोर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के सम्बंध में जेल में निरूद्ध ऐसे बंदियों को चिन्हित किया जाएगा जो अपराध कारित होने के समय 18 से 22 वर्ष के हैं। उनकी आयु के सम्बंध में आवश्यक दस्तावेजों को एकत्र कर आयु अपराध के समय 18 वर्ष से कम पाई जाने पर सक्षम न्यायालय में उनके किशोर होने के सम्बंध में कार्यवाही की जाएगी। बंदियों को अभियान सम्बधी जानकारी देते हुए विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति/अपील प्रस्तुति एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उनके द्वारा बंदियों की समस्याओं को सुना गया एवं यथोचित परामर्श दिया गया। महिला सेल का निरीक्षण कर महिलाओं एवं उनके साथ निवासरत बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उक्त कार्यक्रम में जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे बंदियों के बारे में जानकारी ली गई जो जमानत आदेश के होने के बाद भी जेल में निरूद्ध है। कार्यक्रम में ज्योति तिवारी उप अधीक्षक जिला जेल सीहोर, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल राजेन्द्र कुशवाह, आसिफ खान और असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल एकता सेन आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चना, मसूर और सरसों का उपार्जन 25 मार्च से



**सीहोर।** रबी मौसम वर्ष 2023-24 में प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत चना मसूर एवं सरसों की उपज की उचित दर प्राप्त करने के लिए वार्षिक कैलेण्डर घोषित किया है। इससे किसानों को फसल का बेहतर दाम मिल सकेगा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने बताया है कि प्रदेश में चना मसूर एवं सरसों का उपार्जन 25 मार्च से 31 मई 2024 तक किया जायेगा।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सीहोर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है।

### डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा बने एसडीएम

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने प्रशासकीय एवं राजस्व कार्य को दृष्टिगत रखते हुए डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीहोर पदस्थ किया गया है।

### छात्रवृत्ति और आवास एप्लाई अब 31 तक

**सीहोर।** शैक्षणिक 2023-24 के लिए MPTAASC पोर्टल पर अनुसूचित जाति और जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास एप्लाई एवं डाटा अपलोड के लिए पूर्व में निर्धारित तिथि 31 दिसंबर 2023 से बढ़ाक़र 31 जनवरी 2024 कर दी गई है। संस्था में अध्ययनरत कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन से वंचित न रहे और अंतिम तिथि तक सभी विद्यार्थी डाटा अपलोड करें। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था एवं विद्यार्थी की होगी।

### दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों की पूर्ति 31 दिसंबर तक अनिवार्य

**सीहोर।** दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों की पूर्ति, विशेष भर्ती अभियान के तहत वॉक-इन-इंटरव्यु के माध्यम से किये जाने का निर्देश जारी किये गये है। इस आशय के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव द्वारा जारी किये गये है। विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्तपदों की पूर्ति, वॉक-इन-इंटरव्यु के माध्यम से 31 दिसम्बर 2024 तक किये जाना अनिवार्य है।

---

### कलेक्टर ने की राजस्व महाअभियान की समीक्षा, अधिकारियों को निर्देश...

# 'लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



राजस्व महाअभियान अंतर्गत दर्ज प्रकरणों के निराकरण, पीएम किसान ई-केवाईसी, स्वामित्व योजना तथा राजस्व वसूली में प्रगति लाएं। यह निर्देश शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की वीसी में कलेक्टर सोनिया मीना ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दिए। कलेक्टर सोनिया मीना ने बैठक में तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। विशेष ध्यान देकर ऐसे प्रकरण जो समयसीमा से पर हो गए हैं ऐसे प्रकरणों का निराकरण किया जाए।

बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर जाकर देखें कि जो भी प्रकरण दर्ज हो रहे हैं उनका निराकरण तय समयसीमा में किया जाए। साथ ही साथ ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण नहीं हो पा रहा है उनके कारणों का पता कर उनका डिस्पोजल कराएं। प्रत्येक तहसील इस बात का विशेष ध्यान रखें कि b1 वचन में किसी भी प्रकार की विसंगति न हो। राजस्व महाअभियान से जुड़े समस्त डाटा को समय पर आरसीएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करवाना और त्रुटि सुधार सुनिश्चित करें। राजस्व वसूली के संबंध में कलेक्टर द्वारा समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जाए। जिन तहसीलों ने लक्ष्य के अनुरूप मांग कायम कम की है ऐसी तहसीले राज्य सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य अनुरूप मांग बढ़ाएं एवं राजस्व वसूली के कार्य में गति लाए। स्वामित्व योजना अंतर्गत ऐसे नक्शे जो की रिजेक्ट हुए हैं, उनमें त्रुटि सुधार कर दोबारा पास होने के लिए भेजें। इसी के साथ समस्त एसडीएम, तहसीलदार,नायब तहसीलदार को यह निर्देशित किया है कि तकनीकी टीम से समन्वय कर ऐसे नक्शों की समस्या का निराकरण करवाएं जो की ऑनलाइन नहीं खुल रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विस्थापित ग्रामों के आरओआर एंट्री नियमित आधार पर की जाए। राजस्व महा अभियान के अंतर्गत समस्त रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट रहे। कोई भी रिकॉर्ड ऑफलाइन प्रस्तुत न करें। उन्होंने लंबित ई केवाईसी, नामांतरण, बटवारा , राजस्व वसूली के प्रकरणों में पूरी गंभीरता के साथ काम करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत समस्त लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा के भीतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

---

# श्यामपुर पुलिस ने अपहृत नाबालिग को किया दस्तयाब

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत मिली सफलता



**श्यामपुर।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्यामपुर

22 जनवरी को फरियादी द्वारका प्रसाद एवर निवासी खजुरिया कला के द्वारा अपनी नाबालिक भतीजी मधु अहिरवार को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भाग ले जाने की रिपोर्ट पर थाना श्यामपुर अपराध अज्ञात आरोपी के विरोध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया थापुलिस द्वारा की गई कार्रवाईदौरानी विवेचना प्रकरण में अपहत बालिका मधु पिता हेमराज अहिरवार उम्र 15 साल निवासी खजुरिया कला की दस्तयाबी एवं अज्ञात आरोपी की तलाश पतारसी हेतु साइबर सेल सीहोर की मदद से 26 जनवरी को पता अपहर्ता मधु अहिरवार निवासी खजूरी कला हुआ। धर्मेंद्र गौड़ निवासी खजूरी कला को मांगलिया इंदौर से दस्त है। आप कर थाना श्यामपुर लाया गया प्रकरण में पूछताछ व अपराध स्वीकार करने पर आरोपी धर्मेंद्र गौड़ निवासी खजूरी कला के विरोध अपराध धारा 363 366 376 /2/n 34376 भादवी 5L,6,3,4 पाक्सो एक्ट 3,1w,3,2v एससी एसटी एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस श्यामपुर द्वारा नाबालिग बालिका मधु अहिरवार को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। प्रकरण की विवेचना जारी हैआरोपियों के नाम धर्मेंद्र गौड़ पिता राम सिंह गौर आयु 18 साल निवासी खजूरी कला थाना श्यामपुर। सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक रामनारायण मालवीय सउनि सुनील कुमार द्विवेदी पीआर54 महेश कुमार आर753 पवन राजपूत आरक्षक 463 अमित नागर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

---

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्व मंत्री ने किया सम्मानित






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना मध्यप्रदेश जिला सीहोर की राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार के श्री सत्य साईं प्रोद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय पचामा सीहोर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवक आशीष मेवाड़ा को राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और प्रवीण सिंह ने गणतंत्र दिवस समारोह में सीहोर जिले के वरिष्ठ स्वयंसेवक आशीष मेवाड़ा को उनके द्वारा किए गए विगत 8 वर्षों के सेवा कार्यों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। मेवाड़ा को यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने और उनके द्वारा जिला मुख्यालय पर सरकार व शासन प्रशासन के साथ मिलकर जिले में अनेक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने व एड्स, बाल संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्त दान, स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जन जागरूकता कार्यक्रम, रैली, नुक्कड़ नाटक और कार्यशालाओं के माध्यम से आम जनमानस को जागरुक करते रहते हैं। स्वयंसेवक की उपलब्धि पर श्री सत्य साईं प्रोद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय सीहोर के कुलपति डॉ.मुकेश तिवारी और रा.से.यो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गार्गी सिंह ने विश्वविद्यालय में स्वयंसेवक को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी और निरंतर जनकल्याण के कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया साथ ही संस्थान के डॉ.धीरज शिन्दे,डॉ.ममता व्यास सहित दीपेश कुमार अहिरवार अभिषेक विश्वकर्मा, घनश्याम बामनिया सहित जिले के समस्त स्वयंसेवको ने सुभकामनाएं प्रेषित की।

---

# साउथ एशियन सवाते चैंपियनशिप में हरेंद्र ने जीते दो स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम खजुरिया घेंघी के रहने वाले हरेंद्र वर्तमान समय में इंदौर रहते हैं। एमबीएल मार्शल आर्ट एकेडमी इंदौर में तैयारी कर रहे हैं, पूर्व में भी हरेंद्र ठाकुर ने चीन पहुंचकर सिल्वर मेडल जीत भारत का नाम रोशन किया था। जनवरी 2024 में साउथ एशियन चैंपियनशिप चंडीगढ़ में आयोजित की गई। जिसमें अन्य देशों के प्रतिभागी भी शामिल हुए और भारत की तरफ से कई प्रतिभागी शामिल हुए थे। मध्य प्रदेश की तरफ से दो प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें से एक हरेंद्र ठाकुर और दूसरे संदीप पाल थे। हरेंद्र ठाकुर ने पहला स्वर्ण पदक साउथ एशियन सवाते (फ्रेंच बॉक्सिंग) चैंपियनशिप 2024 कॉम्बैट वर्ग 56 किग्रा जीता। वही दूसरा इंडिया ओपन इंटरनेशनल सेवेट टूर्नामेंट 2024 में भी युद्ध श्रेणी का दूसरा स्वर्ण पदक 56 किग्रा जीता। इस तरह हरेंद्र ठाकुर ने दो स्वर्ण पदक जीतकर सीहोर जिले सहित पूरे भारत का मान बढ़ाया। मार्शल आर्ट की पूरी तैयारी हरेंद्र को मोहन सांवले ने करवाई जो कि उनके कोच हैं। हरेंद्र सीहोर जिले के ग्राम खजुरिया के स्वर्गीय बलवान सिंह ठाकुर के पुत्र है जो की एक छोटे से किसान रहे। हरेंद्र वर्तमान समय में अपने चाचा चन्दर सिंह ठाकुर बंटी के पास इंदौर में रहकर मार्शल आर्ट की तैयारी कर रहे हैं।

---

# शासकीय कार्यालयों में भी शान से लहराया तिरंगा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्यामपुर

26 जनवरी 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्युत मंडल श्यामपुर में जेईअनिल चौरे ने झंडा फहराया। इस अवसर पर जेई अनिल चौरे, अजय पाल सिंह, संतोष, राजेंद्र पाटीदार, राहुल पाटीदार, अजय सोनवाले, नंदलाल प्रजापति, रवि गौड़, राजेंद्र देवड़ा, जितेंद्र वर्मा, अशोक वर्मा, चाद शाह, आकाश मीणा, भैया लाल, कालूराम, दिनेश ठाकुर, राजीव मीणा, सुनील वर्मा, देवगश वर्मा, राजकुमार मेवाड़ा, रितिक जैन, राजेश प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### मंडी में हुआ ध्वजारोहण

कृषि उपज मंडी श्यामपुर में 26 जनवरी को 75 व गणतंत्र के अवसर पर भार साधकअधिकारी श्याम नंदन चंदेले ने झंडा वादन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर सरपंच नवीन चौहान, जनपद सदस्य विनोद परिहार, लतीफ भाई, अनिल पटवारी, लक्ष्मी नारायण पाटीदार पूर्व सरपंच, ब्लॉक अध्यक्ष सतनारायण भाटी, पवन पाटीदार, रामेश्वर दयाल महेश्वरी, हीरालाल, जुगल पाटीदार, पुष्पद, अनोखी लाल बनकर व समस्त मंडी स्टाफ उपस्थित था।

---

# राष्ट्रिय बालिका दिवस पर हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सीहोर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में मुख्य अतिथियों का स्वागत बुके एवं रा.से.यो बैज व तिलक लगाकर किया गया।

स्वागत भाषण में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष राम विकास प्रजापति ने अतिथियो का स्वागत करते हुए छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित निश्चित करने का संदेश दिया। युवा विकास मंडल संस्था के कार्यक्रम समन्वयक ऋतुराज खांडे ने छात्राओं को बताया कि उनकी संस्था महिला हिंसा की रोकथाम का प्रयास करती है तथा सेवा के लिए सदैव तैयार रहती है। जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान ने छात्राओं को कानूनी प्रक्रिया से परिचित कराते हुए विधायक साक्षरता एवं विवेक जागरूकता की विस्तृत जानकारी दी। जिला सेवा प्राधिकरण केंद्र हर संभव कानूनी मदद देता है तथा निशुल्क परामर्श भी देता है।

मुख्य वक्ता के रूप में जिला न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी ने छात्राओं को पूर्व में महिलाओं की स्थिति बताते हुए कहा कि आज उनकी स्थिति तो बेहतर हुई है किंतु लोगों के मानसिक विचार नहीं बदले हैं उदाहरण देते हुए उन्हें कहा कि यदि एक महिला भी कुछ अच्छा करने एवं परिवर्तन की दृष्टि से आगे बढ़ती है तो समाज में बदलाव ला सकती है उन्होंने छात्राओं को मोबाइल के द्वारा होने वाली ब्लैकमेलिंग, गलत चैटिंग उनको खतरे में डाल सकती है तो मीडिया का प्रयोग अच्छे कामों एवं ज्ञानवर्धक के लिए ही करना चाहिए। छात्राओं को न्याय के क्षेत्र में करियर बनाने की भी जानकारी दी।

अंत में उन्होंने छात्राओं को उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के भी जवाब दिए। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री ने छात्राओं के समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना स्थान बनाने के लिए प्रेरित किया तथा बिना डरे जीवन में सफलता पाने की शुभकामनाएं दी। संपूर्ण कार्यक्रम में डॉ. एम एन हुसैन, श्रद्धा मेवाड़ा, सुहानी, वर्षा, सुहानी, मंजू मेवाड़ा, दीक्षा, शिवानी, अंकीला, पलक शर्मा आदि छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सदस्यों एवं छात्राओं ने सेल्फी पॉइंट से फोटो भी लिए।

---

### काहिरी बंधान के साथ तालाब का भी कम हो रहा जलस्तर

# दो दिन के अंतराल पर की जाएगी पेयजल सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



आखिरकार शहर में जनवरी से ही जलसंकट गहराने लगा है। काहिरी बंधान के साथ-साथ जमोनिया तालाब और भगवानपुरा तालाब में लगातार जलस्तर कम होने से नगर पालिका ने अब शहर में दो दिन छोड़कर जलप्रदाय करने का निर्णय लिया है। अब तक शहर में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई किया जा रहा था। लेकिन बुधवार से शहर में दो दिन छोड़कर पानी सप्लाई किया जाएगा।

नए शेड्यूल के तहत पहले दिन आराकश मोहल्ला, नेहरू कॉलोनी, इंग्लिशपुरा और महाजन कंपाउंड में जलप्रदाय किया जाएगा। पार्वती नदी पर बने काहिरी बंधान के साथ-साथ जमोनिया तालाब और भगवानपुरा तालाब से लगातार फसलों के लिए पानी लिए जाने सं से यहां पानी का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। इस साल बारिश भी कम हुई है। नगर पालिका ने अब दो दिन छोड़कर जलप्रदाय का निर्णय लिया है। अब तक शहर में एक दिन छोड़कर जलप्रदाय किया जा रहा था। हर दिन शहर में करीब 90 लाख लीटर पानी सप्लाई किया जाता है।

### सबसे बड़ा कारण : 604 मिमी कम बारिश हुई

इस बार जनवरी में ही जलसंकट की स्थिति बनने का सबसे बड़ा कारण कम बारिश है। भू-अभिलेख शाखा के रिकार्ड पर नजर डालें तो पिछले साल जिले में 1649 मिमी औसत बारिश हुई थी, जबकि इस साल जिले में अब तक मात्र 1045 मिमी औसत बारिश ही हुई है। यानी कि 604 मिमी कम। बारिश कम होने के कारण इस बार जलस्त्रोत भी खाली रह गए थे। ऐसे में गर्मी से पहले ही जलसंकट की स्थिति बन गई।

### इस तरह होगा पानी का शेड्यूल

**पहले दिन :** आराकश मोहल में सुबह 6.30 से 7.20 बजे तक, नेहरू कॉलोनी में सुबह 7.30 बजे से 8.20 बजे तक और इंग्लिशपुरा-महाजन कंपाउंड में सुबह 8.30 बजे से 9.20 बजे तक जलप्रदाय होगा।

**दूसरे दिन :** गंज बजरिया और रानी मोहल्ला में सुबह 6.30 बजे से 8.15 बजे तक, छावनी क्षेत्र, बग्गीखाना और स्वर संगम क्षेत्र में सुबह 8.30 बजे से 9.20 बजे तक तथा मेन रोड पर सुबह 8 बजे से 8.50 बजे तक पानी की सप्लाई होगी।

**तीसरे दिन :** कस्बा क्षेत्र, भोपाली फाटक और इंद्रौर नाका क्षेत्र में सुबह 6.30 बजे से 7.20 बजे तक, कस्बा क्षेत्र और दूल्हा बादशाह क्षेत्र में सुबह 7.30 बजे से 8.20 बजे तक तथा पल्टन एरिया, सिंधी कॉलोनी, डॉ. अनीस और हाजी उमर कंपाउंड क्षेत्र में सुबह 8.30 बजे से 9.20 बजे तक पानी की सप्लाई होगी।

---

# विधानसभा प्रश्नों के उत्तर शीघ्र देने के कलेक्टर प्रवीण सिंह ने दिए निर्देश

### अधिकारी, कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विधानसभा बजट सत्र 2024 07 फरवरी बुधवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से प्रारम्भ हो रहा है। इस सत्र में प्राप्त होने वाले विधान सभा प्रश्नों के उत्तर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी अधिकारियों को दिये है। उन्होंने कवधानसभा प्रश्नों के समय-सीमा में उत्तर तैयार कर भेजने के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह को नोडल अधिकारी बनाया है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिये है कि विधानसभा के प्रश्न जैसे ही प्राप्त होते ही तत्काल उत्तर तैयार कर भेजने की व्यवस्था की जावे। विधानसभा के उत्तर समयावधि में सही एवं पूरक जानकारी सहित भेजने का उत्तरदायित्व संबंधित कार्यालय प्रमुख, प्रभारी अधिकारी का होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये है कि राजस्व विभाग से संबंधित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर परीक्षण कर समयावधि में भेजने के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। विधानसभा का उत्तर तुरन्त भेजना हो तो संबंधित अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उत्तर भेजकर आवश्यकता अनुसार कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे।

### अवकाश में भी मुख्यालय नहीं छोड़ा जाए


विधानसभा सत्र के दौरान कोई भी अधिकारी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे बिना अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। शासकीय अवकाश में भी मुख्यालय नही छोड़ा जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला कार्यालय में एवं संबंधित कार्यालयों में शीघ्र ही कन्ट्रोल रूम की स्थापना के निर्देश दिये है। विभाग स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये। विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भेजने में किसी प्रकार का विलम्ब न किया जाये।

## खबर संक्षेप

### बैरागी हुए सम्मानित

**देवास।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कार्यपालन यंत्री, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (शहर संभाग देवास) के दधीचि रेवड़िया एवं सिविल लाइन जॉन देवास के सहायक यंत्री विद्याचरण तिवारी द्वारा संभागीय कार्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने पर रोहित बैरागी को सम्मानित किया गया। उन्होंने बैरागी के कार्य की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त कार्यालय स्टाफ द्वारा बधाइयां प्रेषित की। बैरागी को सम्मानित होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक बैरागी सहित ईस्ट मित्रों सहित बधाइयां प्रेषित की।

### गुलाब सिंह सेंधव के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**चापडा।** समीप ग्राम बेडामऊ निवासी बाबूलाल पटेल, इंदर सिंह पटेल ,चंदर सिंह पटेल ,बलवान सिंह पटेल (अध्यापक) के पूज्य पिता गुलाब सिंह पटेल साहब का 110 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है! जिनके निधन पर बहादुर सिंह सेंधव,पुर्व विधायक तेजसिंह सेंधव, बलवान सिंह सेंधव, नागेन्द्र सिंह राजपूत, भगवानसिंह सेंधव, राजेश दुग्गड आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा का गांव चलो अभियान हुआ शुरू

# प्रत्येक बूथ पर जाएंगे नेता, योजनाओं का लेंगे फीडबैक, ग्रामीणों से करेंगे संवाद

गांव में ही रात रुकने के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा भी करेंगे। इसके बाद गांव के लोगों से मिली जानकारी जिला संगठन को देंगे। ताकि आचार संहिता के पूर्व अगर किसी विधानसभा में बड़ी मांग रह गई है तो उसका निराकरण सरकार के माध्यम से करवाया जा सके।





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भाजपा नेता से लेकर प्रमुख कार्यकर्ता रात विश्राम से लेकर 24 घण्टे गांव के बूथो पर बिताएंगे। इस दौरान केन्द्र से लेकर राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों से योजना का फीडबैक भी लेंगे। उक्त उदगार भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय देवास पर आयोजित बैठक मे जिला अध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल ने व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि गांव में ही रात रुकने के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा भी करेंगे। इससे गांव व कस्बों की जरूरतों को भी बड़े नेता समझने की कोशिश करेंगे। इसके बाद गांव के लोगों से मिली जानकारी जिला संगठन को देंगे। ताकि आचार संहिता के पूर्व अगर किसी विधानसभा में बड़ी मांग रह गई है, तो उसका निराकरण सरकार के माध्यम से करवाया जा सके।10 प्रतिशत वोट भी बढाएंगेविकसित भारत यात्रा के अन्तर्गत हम लोग पंचायत पंचायत तक पहुंचे और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया है। अब गांव चलो अभियान के माध्यम से हम सभी कार्यकर्ता गांव गांव जाकर इस अभियान को सफल बनाना है। इस अभियान के जरिये विधानसभा चुनाव में जिन बूथों पर हमें हार मिली है, उसको जीतना व जीते हुए बूथों पर 10 फीसदी वोट शेयर बढाना एक मात्र लक्ष्य होगा।जिले मे प्रत्येक बूथ पर अभियान के तहत नेता 9 से 11 फरवरी तक जाएंगे। प्रत्येक संगठन मे इस अभियान को नाम गांव चलो अभियान दिया है। इसको लेकर शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्थानीय नेताओं को दी। कार्यशाला मे गांव चलो अभियान के प्रदेश सह प्रभारी दयाराम धाकड, लोकसभा विस्तारक अशोक जाधव, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, पंकज वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राखी झालानी सहित जिले के पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष व अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने संयुक्त रूप से दी।

# किसानों और कंपनी के बीच मुआवजा को लेकर है विवाद

## एसडीएम के समन्वय से धरना हुआ समाप्त



**चापड़ा।** किसानों ने अपनी समस्या को लेकर एसडीएम से की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नर्मदा कालीसिंध सिंचाई परियोजना में कार्यरत मेंगा कंपनी ने प्रभावित हाटपिपल्या क्षेत्र के कांजर पालखा के किसानो को सोयाबीन एवं अन्य फसलों का मुआवजा नही दिया था ,जिसके विरोध में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओ ने धरना देकर कम्पनी के वाहन रोके थे।

बागली एसडीएम आनंद मालवीया ने छुट्टी होने के बाद भी समन्वय बिठाकर कंपनी के अधिकारी एवं भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी एवं पीड़ित किसानों को बुलाकर बैठक करवाई। जिसमें आलू, प्याज, गेहूं ,चना, सोयाबीन, का मुआवजा निर्धारित कर 10 फरवरी तक किसानों को चेक देने का एसडीएम मालवीय ने निर्देश दिए। लहसुन का फरवरी में मॉडल भाव इंदौर मंडी से लेकर किसानों को 15 मार्च तक मुआवजा दे दिया जाएगा। जिन किसानों के खेतों में मुर्र्म पड़ी है वह 2 किलोमीटर तक जहां पर डलवाना चाहता है वहां कम्पनी द्वारा डाल दी जाएगी।

बैठक में प्रांत अध्यक्ष प्रसादसूर्या, प्रांत प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार, जिला अध्यक्ष हुकम पटेल, युवा किसान वाहिनी के राकेश जाट, तहसील सदस्य रामनारायण यादव, युवराज सिंह किसान उपस्थित थे। सिंचाई योजना हेतु मेघा कंपनी किसानों के खेतों में लाइन डाल रही है, जिसकी करीबन 40 मीटर चौड़ाई है। अभी तक खेत लेवल नहीं किए गए हैं।

### स्वच्छ पर्यटन स्थल अभियानः माता टेकरी मार्ग व रपट मार्ग पर चलाया गया स्वच्छता अभियान




**देवास।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश अनुसार एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए देवास मुख्य पर्यटन स्थान माता टेकरी पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. जिसके अंतर्गत शनिवार को टेकरी परिक्रमा मार्ग एवं रपट मार्ग के पास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। आगे भी इस क्रम मैं शहर के प्रमुख गार्डन ,मुख्य चौराहों* पर छात्र छात्राओं ,स्थानीय युवाओं द्वारा निगम स्वच्छता टीम के साथ जुड़कर श्रम दान कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

# शादी विवाह में जाने के लिए वस्त्रों का चयन करते हैं तो मंदिर मठ में जाने के लिए क्यों नहीं करतेः दादा गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नर्मदा मैय्या की परिक्रमा ही साधना है अगर नर्मदा मैया की कोई परिक्रमा करता है तो वो जाग्रत हो जाता है। चलने से भक्तो को मोक्ष प्रगट हो जाता है परिक्रमा ऐसी साधना है जो जीवन को दिशा देती है। ये वो साधना है जो समाज को एक करती है इस साधना ने समाज को एक कर दिया, ये वो साधना है जो जीव को जाग्रत अवस्था में लाती है। मैय्या के पथ पर चलने से प्रभु मिल जाते है एक बार कोई नर्मदा मैया का भ्रमण कर ले उसका जीवन धन्य हो जाता है। उक्त बातें जयंती माता मंदिर में नर्मदा परिक्रमावासियो एवं भक्तो के बीच संत दादा गुरु के द्वारा कही गई। आपको बता दे की दादा गुरु द्वारा कई महीनो से अखंड निराहार महाव्रत साधना कर लगातार नर्मदा की परिक्रमा करते हुए लोगो को मां नर्मदा की भक्ति एवं नर्मदा घाटो की साफ सफाई एवं पेड़ो को बचाने के लिए प्रेरित कर रहे है। दादा गुरु की यात्रा शुक्रवार की देर शाम देवास और खंडवा जिले के मध्य घने जंगलों के बीच स्थित जयंती माता के मंदिर पहुंची। जहा सर्वप्रथम उनके द्वारा जयंती माता मंदिर के दर्शन किए गए और आरती की गई। तत्पश्चात समर्थ सदगुरु दादा गुरु ने भक्तो को आशीर्वचन देते हुए कहा कि सीतावन कोई साधारण वन नही है, यदि कोई सीतावन में भ्रमण कर ले तो दुनिया के सारे संकट मिट जाएंगे। दुनिया के अन्दर जल के कई



स्वभाव है। सीतावन में शिव गंगा है, सीता वन लक्कड़ वन पर जरूरतों के नाम पर हम खुद ही सीता वन को मिटा रहे है जब हम शादी विवाह में जाने के लिए नए वस्त्रो का चयन करते है तो मन्दिर मठ में जाने के लिए वस्त्रों का चयन क्यो नही करते है। जयंती माता मंदिर पर मनीष चौबे मुकेश चौबे परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जयंती माता मंदिर पर दादा गुरु के दर्शन के लिए बडी संख्या मे नर्मदा भक्त पहुंचे। इस दौरान शनिवार के दिन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी भी दादा गुरु की पद यात्रा में सम्मिलित हुए, दादा गुरु का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल में दानदाताओं ने दी सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

शासकीय हाई स्कूल इस्मालखेड़ी में शुक्रवार के दिन गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। सरपंच राजेंद्र बिंदा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्कूल के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद झंडा वंदन किया गया। प्राचार्य नरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।इस दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों से सहयोग की अपिल करने पर सभी ने सहयोग राशि दी। एन पी सिंह ने झंडा वंदन के दौरान उपस्थित अतिथियों को स्कूल कि गतिविधियों के बारे में जानकारी भी दी।इस दौरान म्यूजिक सिस्टम के लिए जनपद सदस्य रिजवान भंडारी ने 31000 हजार , सरपंच राजेन्द्र बिंदा व्दारा 5000 , राजेन्द्र सिंह सेंधव 2000 हजार,बजेसिह



प्रजापत,सोबालसिह सेंधव, धर्मेंद्र सिंह सेंधव,अजहर काजी, सुमेर सिंह सेंधव,दीपक सेंधव, आनंद सेंधव,डा सुनील प्रजापत द्वारा स्कूल के लिए सहयोग राशि दी गई है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य एन पी सिंह द्वारा किया गया एवं आभार दारा सिंह सेंधव द्वारा व्यक्त किया गया।

# चापड़ा के बागली मार्ग पर टूटे बिजली के खंबे टला बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

चापड़ा के बागली मार्ग पर शनिवार रविवार की रात्रि दरमियां अज्ञात कारणों से दो बिजली के खंबे टूट गए। इस दौरान बिजली की केबल टूट कर अलग हो गई।

गनीमत यह रही कि यह हादसा रात में हुआ, दिन में होता तो यहां पर बड़ा हादसा भी हो सकता था, क्योंकि जहां पर बिजली के खंबे हैं वहां दुकाने भी संचालित होती है एवं स्कूल भी है।

बिजली की केबल टूटने के कारण पूरी रात एवं खबर लिखे जाने तक बागली मार्केट कि लाइट भी बंद रही। वहीं विद्युत मंडल द्वारा नए बिजली के खंबे गाड़े गए। इसके बाद बिजली चालू की गई । हालांकि खंबे किस कारणों से टूटे हैं या किसी वाहन द्वारा तोड़े गए हैं इसका पता नहीं चल पाया हैं।

# विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

जनपद शिक्षा केंद्र बागली में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु विज्ञान ,गणित व सामाजिक विज्ञान विषयो से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को चयन समिति के सदस्यों के द्वारा चुना गया।जन शिक्षा केंद्र चापड़ा व अन्य जनशिक्षा केंद्रों के बच्चों के द्वारा तैयार मॉडलों का प्रदर्शन बच्चों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र



बीआरसीसी कय्यूम खान बनारसी, बीएससी बहादुर सिंह बदुरिया एवं जन शिक्षक व विषय से संबंधित शिक्षक उपस्थित रहे।

# सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज का वार्षिक मिलन समारोह हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज का वार्षिक मिलन समारोह 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सतपुड़ा ऐकडमी में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ रायसिंह सेंधव पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम एवं मांगीलाल सैंधव, रायसिंह सैंधव अमला ताज, महेन्द्र सिंह पटेल, इंदरसिंह, ओंकार सिंह आदि ने भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज में पिछले 1 वर्ष में चयनित युवाओं का सम्मान किया। जिसमें सर्वप्रथम नितिन सिंह ठाकुर एयर फोर्स में, राहुल सिंह सैंधव रेल्वे में चयनित, शुभम सिंह सेंधव मध्य प्रदेश पुलिस में चयनित, डा जयसिंह सैंधव रेडक्रॉस सोसायटी के नोडल अधिकारी बनने पर सम्मानित किया। वार्ड क्र 13 से पार्षद अकिला ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। उपरांत 1992 में कर सेवा में सम्मिलित हुए देवास शहर के सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज के अग्रणी राय सिंह सैंधव, मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक नियम के पूर्व अध्यक्ष जिन्होंने 1992 में कार सेवा में सम्मिलित होकर अयोध्या पहुंचे थे और मार्मिक समय का विवरण विस्तार पूर्वक बताया । 1992 में कैलाश सैंधव जिनके द्वारा भी बजरंग दल के जिला संयोजक होने के नाते कार सेवा में अग्रणी भूमिका में रहे साथी कार्यक्रम में बालक / बालिकाओं ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन अजब सिंह ठाकुर ने किया एवं आभार पंकज सिंह ठाकुर, जिला प्रबंधक, जिला पंचायत देवास ने माना।

## 'गणतंत्र दिवस' की संध्या पर 'भारत पर्व' का हुआ आयोजन

# मल्हार स्मृति मंदिर में गूंजे देश भक्ति के तराने

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ''भारत पर्व'' का आयोजन किया गया। ''भारत पर्व'' कार्यक्रम में देश कलाकारों ने देश भक्ति गीत, लोक नृत्य, लोक गायन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कलेक्टमर ऋषव गुप्ताा, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, सहायक परियोजना अधिकारी स्मिता रावल, ओम जोशी सहित अन्य जिला अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

''भारत पर्व'' कार्यक्रम में बिलास सप्रे (इंदौर) और टीम ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी। जिसमे उन्होंने ए मेरे प्यारे वतन, हम सब भारतीय है जैसे देश भक्ति गीत सुनाए। कार्यक्रम में सिन्दू धोलपूरे (भोपाल) और टीम द्वारा आजादी के तराने सुनाए। उन्होंने विजय विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊँचा रहे हमारा। मेरा रंग दे बसंती चोला सहित आजादी के पहले के अन्य देश भक्ति गीत सुनाए। महेश कुलश्रेष्ठ (आगर मालवा) और टीम ने मालवी मटकी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। ''भारत




पर्व'' कार्यक्रम के दौरान सयाजी द्वार देवास पर जनसर्म्पक विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं और नागरिकों के हित में संसद द्वारा पारित किये गये तीन नये कानून संबंधी जानकारी पर केन्द्रीत प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिले के नागरिकों ने प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम का संचालन प्रसून पंड्या ने किया।

# श्रद्धालुओं ने बामनखेड़ी में खेड़ापति हनुमानजी को चढ़ाया 200वां चोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

समीप ग्राम बमनीखेड़ी में स्थित प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पर ग्रामीणों द्वारा प्रतिदिन कई वर्षों से सुंदरकांड का आयोजन किया जाता है। साथ ही प्रति शनिवार के दिन सामूहिक रूप से यहां पर हनुमान जी को चोला चढ़ाते हैं। शनिवार के दिन भी भंडारे के साथ 200 वा चोला हनुमान जी को चढ़ाया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी, मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह ,राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रघवीरसिहं गौड, सरपंच रतनबाई सोलंकी, अंकुर कानूनगो, राम प्रसाद सूर्या ,बहादुर सिंह सेंधव, हुकमचंद यादव,धर्मेंद्र सेंधव ,महेंद्र यादव चंद्रपाल सिसोदिया,कमल जायसवाल, सचिव गोपालकृष्ण



पंचोली की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महेंद्र सिंह सेंधव ,रविंद्र सेंधव द्वारा अपने निवास पर सभी अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया गया। सभी ग्रामीणों के सहयोग से यहां पर यह आयोजन किया गया। इस दौरान हनुमान जी की आरती की गई जिसके बाद प्रसादी का वितरण हुआ। साथ ही भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भंडारा में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। सभी ग्रामीणों के सहयोग से नवीन हनुमानजी के मंदिर का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। इस दौरान वरिष्ठिजन, युवा व सभी ग्रामीणजन उपस्थित रहे। संचालन धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने किया एवं आभार रघुवीरसिहं दरबार ने व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## विद्यार्थी परिषद ने मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जयंती



**आष्टा।** भारत को आजाद कराने में जिनका जीवन समर्पित रहा । ऐसे अमर शहीद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आष्टा ने नजर गंज सुभाष चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया एवं नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष देवेंद्र बागवान,नगर मंत्री रजत सोनी,अंश धारवां,बाला शर्मा,प्रधुम राजपूत,सुमित बगाना,हर्ष पटेल,सिद्धांत जसाठी, अक्षत जैन, जय पिपलोदिया,आयुष ठाकुर, सुमित खत्री, दिव्यांश गौतम, आदित्य शर्मा उपस्थित रहे।

## डाक विभाग को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**सीहोर।** एपिक कार्ड के वितरण में कुशलता के संबंध में कलेक्टर कार्यालय सीहोर द्वारा डाक विभाग को सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष में डाक विभाग के प्रतिनिधि के रूप में अधीक्षक डाकघर एमएल मालवीय, सहायक अधीक्षक सुनील सोलंकी, पोस्ट मास्टर सीहोर सुनील चौकसे व कुमारी, निकिता मीणा शाखा डाकपाल अबिदाबाद को प्रमाण पत्र भेंट किये गये। इस अवसर पर कर्मचारियों ने बधाई दी।

### रोलागांव बीट में वन विभाग ने आयोजित किया अनुभूति कार्यक्रम

# छात्र-छात्राओं को जंगल का भ्रमण कराकर पेड़ों और वन संपदा का बताया महत्व

अनुभूति कैंप में स्कूल के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण वा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रशंसीपत्र देकर सम्मानित भी किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

वन विभाग आष्टा ने क्षेत्र रोला गांव बीट फाटा में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को पर्यावरण वन संपदा के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, एसडीओ , रेंजर सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। वन विभाग द्वारा आयोजित अनुभूति कार्यक्रम में सेवानिवृत डिप्टी रेंजर ने भी छात्र-छात्राओं को वन क्षेत्र में भ्रमण कराया और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया साथ ही वन संपदा के बारे में शिक्षा प्रदान की। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि हमें पर्यावरण बचाना है पेड़ पौधे रहेंगे तो हमें ऑक्सीजन मिलेंगी हमें कोरोना काल में पेड़ पौधों का महत्व मालूम पड़ ही गया है कितनी ऑक्सीजन की जरूरत थी पेड़ पौधे हर व्यक्ति को लगाने चाहिए और जंगलों की रक्षा करनी चाहिए। सीहोर एसडीओ राजेश शर्मा ने कहा कि वन विभाग 15 दिन से अनुभूति कार्यक्रम कैंप लगाकर करीब 1163 कैंप उन्हें आयोजित कर रहा है और स्कूली छात्र-छात्राओं को वनों एवं वन प्राणियों के बारे में जागरुक कर रहे हैं कि हमारे लिए पेड़ पौधे कितने आवश्यक है। आष्टा रेंजर राजेश चौहान ने अनुभूति कैंप में कहा कि 2013 से मध्य प्रदेश शासन वन क्षेत्र में अनुभूति कैंप आयोजित कर छात्र-छात्राओं और लोगों को जागरुक कर रहा है जिसे करीब 11 साल हो गए हैं कैंप का उद्देश्य पेड़ पौधों, वन संपदा की रक्षा करना है प्रत्येक कैंप में पेड़ पौधों की रक्षा किस प्रकार करना है और उनके महत्व के बारे में जागरुक करते हैं।




### छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

आज अनुभूति यूको कैंप का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण वा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रशंसीपत्र देकर सम्मानित भी किया। जिसमें डिप्टी रेंजर रमेश चंद्र बेरवाल वनरक्षक शैलेंद्र सिंह ठाकुर जितेंद्र सिंह ठाकुर दीपेश राठौर चंचल चंदेल ने छात्रों को वन भ्रमण करवाया वा जंगल में वन संपदा वन्य प्राणी वनो का महत्व वनोपज आदि से संबंधित सामान्य ज्ञान की जानकारियां दी गई पेड़ पौधों के बारे में विस्तार से उनके महत्व को बताया। वन भ्रमण के दौरान बच्चों ने अधिकारियों से प्रश्न पूछे जिनका उत्तर अधिकारियों ने दिया इस दौरान बच्चों व वन स्टॉप वनों की सुरक्षा की शपथ दिलाई गई ।

### कार्यक्रम में यहां भी रहे मौजूद

अनुभूति कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान,



एसडीओ राजेश शर्मा,वन परीक्षेत्र अधिकारी आष्टा राजेश चौहान, डिप्टी रेंजर रमेश चंद्र अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह ठाकुर वनरक्षक ,जितेंद्र सिंह ठाकुर, दीपेश राठौर ,चंचल चंदेल, हुकम परमार ,राहुल परमार ,देवेंद्र नायक, प्रदीप मनोरिया, विजय वर्मा, बहादुर सिंह ठाकुर, रंजना मलेकर ,गायत्री मरकाम स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेवाडा, कैलाश वर्मा, भैरू सिंह, राधेश्याम मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय में समय पर नहीं बैठते अधिकारी-कर्मचारी नागरिक होते हैं परेशान




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर के विकास की जिम्मेदारी निभाने वाली नगर पालिका के इन दोनों हाल-चाल है 3 दिन की छुट्टी के बाद मंगलवार को जब ऑफिस खुला तो कई कुर्सियां खाली रही दोपहर में भी अधिकांश चेंबर में कुर्सियां खाली नजर आई कुछ चेंबर में ही कर्मचारी बैठे हुए थे यहां तक की खुद सीएमओ राजेश सक्सेना नदारत थे उनके चेंबर में भी दरवाजा बंद था इस दौरान नागरिक अपनी जरूरत के काम के लिए आए लेकिन उन्हें जब अधिकारी कर्मचारी नहीं मिले तो वापस लौटना पड़ा यहां कोई एक दिन का काम नहीं है नगर पालिका में इस प्रकार अधिकारी कर्मचारियों का नदारत रहना रोज का काम हो गया है जिम्मेदारों ने इस और अभी तक ध्यान नहीं दिया है। नगर पालिका कार्यालय खुला वैसे ही नागरिक अपने कार्य के लिए पहुंचे तो अधिकांश चैंबरों में कुर्सियां खाली नजर आई इधर खुद सीएमओ राजेश सक्सेना भी अपने चेंबर में नहीं मिले उनके ऑफिस का भी दरवाजा बंद था।नगर पालिका की दीवार को चुने से ही पोत दियाआज नगर पालिका कार्यालय पहुंचने वाले कई नागरिकों के आज कपड़े खराब हो गए कारण नगर पालिका कार्यालय की ऑयल पेंट की पुती हुई दीवारों को आज चुने से पोत दिया जिससे आने जाने वाले लोगों कपड़े खराब हो गए अब यहां तो नगर पालिका ही जाने की ऑयल पेंट किया हुआ दीवारों पर चुने की की पुताई क्यों की। कार्यालय में नियमित बैठे अधिकारी कर्मचारीइस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है अगर कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं है तो यहां गलत बात है मैंने सीएमओ को कहा है कार्यालय पहुंचे। मैं आकर देखता हूंनगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना से जब इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने 4 बजे के करीब बताया कि मैं थोड़ी देर में कार्यालय आकर देखता हूं आगे से ऐसी शिकायत नहीं मिलेगी। अगर कोई कर्मचारी बिना सूचना के बाहर गया तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जावर के वार्ड 9 में दुखद घटना होने पर अंत्योष्टि सहायता राशि देंगे तेजसिंह कप्तान




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर में गणतंत्र दिवस समारोह पर तेजसिंह कप्तान ने कहा जावर नगर मेरा मंदिर और यहां की जनता मेरी भगवान में उसका पुजारी। उनके हर सुख दुख में साथ खड़ा हु और दुःख में हमेशा आपके साथ रहूंगा मेरे वार्ड नंबर 6 में कोई दुखद घटना होने पर अंत्योष्टि सहायता राशि 2100 रुपए भेट करूंगा जिसमे उपस्थित अध्यक्ष मंजू वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, मनोज वेद, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र भरेवा, विजेंद्र मालवीय, जाकिर हुसैन, संजय अजमेरा, हुकम विश्वकर्मा, कैलाश मालवीय, बहादुर सिंह परिहार, मदन विश्वकर्मा, मधु ठाकुर ,बंटी राठौर, अफसाना बि, पप्पू मंसूरी ,राजेंद्र केशव, जय सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल, विक्रम सिंह कप्तान,

## जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सुहागन महिलाओं को भेंट किए उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मकर संक्रांति पर्व के पश्चात बुधवार को ग्राम माली खेड़ी में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ने ग्रामीण महिलाओं को एकत्रित कर आयोजन किया। सभी महिलाओं को टिकी मेहंदी, कुमकुम, साड़ियां वितरण की। अपने उद्बोधन में मकर संक्रांति को हिन्दू धर्म का एक प्रमुख त्योहार बताते हुए कहा इस दिन सूर्य देव की पूजा-उपासना की जाती है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव की आराधना करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इस दिन से सूर्य की उत्तरायण गति आरंभ होती है और इसी कारण इसको उत्तरायणी भी कहते हैं। मकर संक्रांति के दिन से ही खरमास का भी समापन हो जाता है और शादी-विवाह जैसे शुभ



और मांगलिक कार्यों पर लगी रोक हट जाती है। एवंआष्टा ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष गीता कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा सुहागन महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा के लिए एक दूसरी महिलाओं को सुहाग बाटती है यह कहते हुए सभी महिलाओं को सुहाग सामग्री का वितरण किया। जिला महामंत्री हेमलता चौहान, अनीता महाडिक, जावर ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता महेश्वरी ने इस अवसर पर गजी बाई, लाडकुआंर बाई, ललीता बाई, कन्ता बाई, भूरीयॉ बाई, रेखा बाई, अमृत बाई, सीताबाई, ममताबाई, बबीता, कमला, गजना, कृष्णा, फुलकुंवर, गायत्री, रंजू, आशा बाई, सीमा बाई, इमारत बाई, रामसभा, मयाबाई, कुंताबाई, गंगा, रेशम, तेजू, संगीता, लीला, चिंतामणि, कृष्णा, शकुंतला, सुनीता बाई आदि को सुहाग सामग्री उपहार के रूप में साड़ियां वितरण कि एवं बधाई शुभकामनाएं दी।

## विद्यार्थियों को संस्था ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





रविवार को नगर के साईं कॉलोनी में स्थित शहीद भगत सिंह कंप्यूटर कोचिंग क्लासेस में संस्था के मार्गदर्शक गंगाधर वर्मा के मार्गदर्शन व उपस्थिति में संस्था संचालक कपिल वर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संस्था परिवार एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसबीएस स्कूल प्राचार्य भोलू ठाकुर, विशेष अतिथि दिनेश वर्मा, जीवन चंद्रवंशी, जितेंद्र सोनानिया, पत्रकार धनंजय जाट द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा एवं शहीद भगत सिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात संस्था द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत के माध्यम से अभिवादन करते हुए संस्था की ओर से पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात शहीद भगत सिंह कंप्यूटर कोचिंग क्लासेस द्वारा वर्ष 2023 कंप्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा एसबीएस स्कूल में आयोजित की गई थी। जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 50 विद्यार्थियों का संस्था द्वारा पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संस्था के छात्र अंकित को कंप्यूटर एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा याशिरा अंसारी को टैबलेट एवं राधिका नामदेव को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मार्ट वॉच देकर एवं अन्य विद्यार्थियों का शील्ड देकर संस्था परिवार की ओर से अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही कंप्यूटर कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। संस्था मार्गदर्शक एवं अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। इस दौरान संस्था संचालक कपिल वर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जीवन में हमेशा सीखते रहना चाहिए। आज का युग आधुनिक युग है, जहां हमें हर समय कंप्यूटर एवं इंग्लिश की अधिकतर आवश्यकता होती है, इसी को देखते हुए हमने वर्ष 2021 में संस्था की शुरुआत की। आज जिसके फल स्वरूप बहुत ही कम समय में आज संस्थान से करीब 800 से अधिक विद्यार्थियों ने संस्था से डीसीए पीजीडीसीए कोर्स किया एवं इस वर्ष अभी 300 से अधिक विद्यार्थी इस वर्ष कोर्स कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन अनुराग मालवीय, आर्यन एवं अभिषेक द्वारा किया गया। आभार संस्था संचालक कपिल वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

## समरेंद्र गुप्ता की आंखों से नेत्रहीन का जीवन होगा रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

डॉ प्रवीर गुप्ता सिविल सर्जन ज़िला चिकित्सालय सीहोर के पिता और प्रांजल गुप्ता के दादा समरेंद्र गुप्ता का स्वर्गवास 94 वर्ष की आयु में रविवार 28 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे हो गया। दिवंगत श्री गुप्ता की आंखों को डोनेट किया




गया है। जो किसी नेत्रहीन की आंखों को रोशन करेंगी। जिला मुख्यालय पर पदस्थ सिविल सर्जन डॉ प्रवीर गुप्ता ने काफी सराहनीय निर्णय लेकर अपने पिताजी की आंखों को डोनेट किया है। समरेंद्र गुप्ता का अंतिम संस्कार 28 जनवरी 2024 दिन रविवार को दोपहर को सीहोर में किया जाएगा । अभी उनकी आंखों को डोनेट करने पर आंखें निकाली जा रही है। डॉ प्रवीर गुप्ता के पिताश्री के निधन पर नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और स्नेहीजनों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में वास दे एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करे।

### राजस्व मंत्री ने सरपंच का किया सम्मान



**खाचरोद।** ग्राम पंचायत खाचरोद के सरपंच शंकर पटेल जाट को ग्राम पंचायत खाचरोद में जल संकट निवारण में उत्कर्ष कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सम्मानित किया। सम्मानित होने पर ग्राम के भोजराम गोदारा, चुन्नीलाल खोजा, बलराम खोजा, सोबल सिंह पडियार, डीडी वैरागी, इंदर सिंह ठाकुर, भोजराम बेनीवाल, नारायण सिंह ठाकुर, अनार सिंह ठाकुर, पूरन सिंह पेरवल, मांगीलाल पेरवल, फूल सिंह पेरवल, रतन सिंह मालवी ने बधाई दी।

## विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेले का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा (ईसीसीई) में शिक्षण खेल आधारित, खोज आधारित व प्रयोग आधारित किए जाने की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अनुशंसा की गई, बच्चों के साथ कक्षा में शिक्षण अधिगम सामग्री टीएलएम का उपयोग किया जाना आवश्यक है टीएलएम के प्रयोग से बच्चे रोचक विधि से सीखते हैं और उनमें सृजनात्मकता का विकास होता है इसको बढ़ावा देने के लिए जनपद शिक्षा केन्द्र आष्टा द्वारा एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेले का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा में किया गया जिसमें के जी कक्षाओं के शिक्षकों द्वारा कम लागत बिना लागत (परिवेशीय सामग्री) टी एल एम अपने स्तर पर तैयार कर प्रदर्शित किए गए जिसमे सामग्री को प्रदर्शित करना और सामग्री का बच्चों के साथ उपयोग कैसे किया जाएगा यह शिक्षकों द्वारा चयन समिति के समक्ष बताया गया जिसके आधार पर चयन समिति द्वारा भाषा, संज्ञानात्मक तथा रचनात्मक विकास की तीन-तीन प्रविष्टियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए, चयन समिति में बीआरसी तरुण कुमार ,डाइट बी ए सी ब्रजराज शरण सिंह बैंस, कन्या स्कूल के प्राचार्य अमर सिंह परमार एवं एम टी करुणा अजमानी रही, कार्यक्रम में बीएसी मनोहर विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा ,फूलचंद सांकले, देव जी मेवाड़ा लेखापाल हरेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र कुमार एवं जन शिक्षक रजनीकर माहेश्वरी, केदार परमार, धर्मेन्द्र ठाकुर, राकेश सूर्यवंशी, जगदीश मालवीय,अके सिंह ठाकुर एवं एलम परमार ने सहयोग प्रदान किया। मेले में 43 शिक्षकों ने सहभागिता की जिसमे से 9 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### ग्राम पंचायत गवाखेड़ा में मनाया गणतंत्र दिवस, कार्यक्रम हुए आयोजित

# सरपंच ने पंचायत भवन में फहराया तिरंगा, किया शहीदों को याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जनपद इलाके की ग्राम पंचायत गवाखेड़ा में ग्राम पंचायत सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर की अगुवाई में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में तिरंगा फहरा कर, राष्ट्रगान गाकर शहीदों को नमन किया। वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी में वीर सपूतों का अहम योगदान है।इन्हीं वीर सपूतों की कुर्बानियों के चलते आज हम हिंदुस्तान के खुले वातावरण में खुली सांस ले रहे हैं। वहीं कहा कि देश का विकास तभी हो सकता है। जब गांव का समग्र रूप से विकास हो और गांव का विकास तभी होगा जब हम स्वच्छता पूर्ण वातावरण में रहकर ग्रामीण विकास को आगे ले जाने में हम सभी को साथ आने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश का संविधान हमारे कर्तव्यों का बोध कराता है। जिससे लोकतंत्र की मजबूती के लिए संविधान का मजबूत होना आवश्यक है।ध्वजारोहण के मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर, सचिव बाबूलाल, सहायक रोजगार नीरज, भेरू सिंह, इन्दर पटेल, राजेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र पटेल, कृष्णपाल ठाकुर, जयपाल ठाकुर, कृष्णपाल ठाकुर, मुकेश कुमार, वीरेंदर परमार, शिवम परमार,




विकाश परमार, आशीष परमार, योगेंद्र ठाकुर, कैलाश गवाटिया, संतोष मालवीय, छगनलाल सहित कई ग्रामीण मोजूद रहें।

### संस्कृति स्कूल में किया ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर में हर्ष और उल्लास से मनाया गया। इस दौरान स्कूलों में भी ध्वजारोहण किया गया। वही शहर के अशास्कीय संस्कृति स्कूल में भी गणतंत्र दिवस पर्व बड़े ही धूमधाम और देशभक्ति के साथ मनाया गया। यह स्कूल परिसर में ध्वजारोहण विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने किया। इस दौरान संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय




सहित स्टाफ व छात्र-छात्राओं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।संस्कृति स्कूल में ध्वजारोहण के बाद मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गयाऔर छात्र छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ देश भक्ति गीतों पर सुन्दर सुन्दर प्रस्तुति दी।